# उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ ने मनाया विश्व एनजीओ दिवस

**किन्नौर/अनिल**

उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ किन्नौर ने गत दिवस उपायुक्त कार्यालय के सभागार में विश्व एनजीओ दिवस मनाया जिसमें उपायुक्त किन्नौर तोरुल एस रवीश ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उपायुक्त ने संघ के सदस्यों को विश्व एनजीओ दिवस की शुभकामनाएं दी और आशा व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी मिलकर इस जिला को आगे बढ़ाने के लिए बढ़-चढ़ कर कार्य करेंगे।



उन्होंने कहा कि वह उपायुक्त कार्यालय के कर्मचारियों के उत्साह को देखकर काफी प्रभावित हैं। इस अवसर पर तोरुल एस रवीश ने उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ किन्नौर के फेसबुक पेज का भी विमोचन किया और इसका इस्तेमाल सावधानी और जिम्मेवारी से करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जो संघ द्वारा साल भर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का कैलेंडर तैयार किया गया है उसमें सभी सदस्य बढ़-चढ़ कर भाग लें। उन्होंने कहा कि कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उनसे किसी भी विषय पर कभी भी चर्चा कर सकते हैं तथा संघ द्वारा रखी गई मांगों पर भी सहानुभूतिपर्वक विचार किया जायेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित उपमण्डल दण्डाधिकारी कल्पा डॉ मेजर शशांक गुप्ता ने विश्व एनजीओ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संघ के सदस्य अपनी समस्याओं और मांगों के लिए उनसे कभी मिल सकते हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने उपायुक्त के ध्यानार्थ ई-गवर्नेंस सेंटर के जीर्णोद्धार का विषय लाया जिस पर उपायुक्त ने इस दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सहायक आयुक्त राजेंद्र कुमार गौतम ने उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ को आयोजन की शुभकामनाएं दी और उनकी सभी मांगों को उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि संघ द्वारा कॉमन रूम को खोलने की जो मांग रखी गई थी उसे पूरा कर दिया गया है। उन्होंने संघ के सदस्यों को विश्व एनजीओ दिवस की भी बधाई दी।

# कुमारसैन में मिला पाकिस्तानी गुब्बारा

**8 गुब्बारा मिलने से कुमारसैन क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। कुमारसैन पुलिस मामले में जांच कर रही है**




**कुमारसैन/टीम एक्शन इंडिया**

शिमला जिला के उपमंडल कुमारसैन के प्रेमनगर गांव में पाकिस्तानी गुब्बारा मिला है, स्थानीय निवासी रवि मैहता के बगीचे में एक पाकिस्तान का गुब्बारा लटका हुआ मिला जिसके बारे उन्होनें पुलिस थाना कुमारसैन को सूचित किया। गुब्बारा मिलने से कुमारसैन क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। कुमारसैन पुलिस मामले में जांच कर रही है। प्राथमिक जांच में यह गुब्बारा पाकिस्तान का लग रहा है। इस गुब्बारे पर पाकिस्तान का झंडा छपा है। बीते रविवार को कुमारसैन के प्रेमनगर गांव में बच्चे गुब्बारे से खेल रहे थे, बच्चों ने बताया कि सेब के बागीचे में एक पेड़ से यह गुब्बारा लटका हुआ था। जिसे बच्चों में खेलने के लिए निकाला।

गुब्बारे पर पीआईए लिखा हुआ है। डीएसपीं रामपुर चंद्रशेखर ने बताया कि कुमारसैन उपमंडल के ग्राम पंचायत मलेण्डी के प्रेमनगर गाँव में एक पाकिस्तान का गुब्बारा मिलने की सूचना पुलिस को मिली। जानकारी के अनुसार रवि मैहता ने बताया कि उसके बगीचे में एक पाकिस्तानी गुब्बारा मिला है, जिस गुब्बारे से बच्चे खेल रहे थे। जब बच्चों से पूछा कि गुब्बारा कहा से मिला, तो बताया कि ये गुब्बारा सेब के पेड़ में लटका था, जिसके बाद बच्चों ने पेड़ से गुब्बारे को निकाल कर उसके साथ खेलना शुरू कर दिया था। पुलिस मौके पर पहुंचकर बच्चों व स्थानीय लोंगो से पूछताछ करने के बाद गुब्बारे को लेकर जांच में जुट गई है।

## योगदान एक पहले ने 22 छात्राओं को दी सहायता राशि

**ऊना/राजन पुरी**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला ऊना में सोमवार को योगदान एक पहल संस्था द्वारा छात्राओं को सहायता राशि प्रदान की गई। प्रधानाचार्य की उपस्थिति में अध्यक्षा सुमन पुरी ने विद्यालय की 22 छात्राओं को 900 रुपये प्रति छात्रा की दर से सहायता राशि प्रदान की। इसके अतिरिक्त उन्होंने इसी विद्यालय की आगे की पढ़ाई कर रही छात्राओं में खुशी शर्मा को 35 हजार रुपये व दीक्षा को 10 हजार रुपये सहायता राशि प्रदान की। इस मौके पर अमरदीप सिंह, महेश शर्मा, सुभाष चंद्र, पूजा कौंडल, कविता शर्मा, अमिता शर्मा, सुदेश पाठक व वंदना उपस्थित रहे।

## कैड ऐप्प के माध्यम से प्लंबिंग, इलेक्ट्रिकल व ब्यूटीशियन की सेवा मिलेगी घर द्वार

**8 उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन पेमेंट गेटवे या बारकोड की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी।**

**जोगिंद्रनगर/संगराय**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर की कौशल आपके द्वार (केएडी) ऐप्प स्थानीय लोगों को घर-द्वार सरकारी दरों पर प्लंबिंग, इलेक्ट्रिकल तथा ब्यूटीशियन की सेवा उपलब्ध करवा रही है। आईटीआई जोगिंद्रनगर द्वारा तैयार यह ऐप्प गुग्गल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। जिसे उपभोक्ता अपने स्मार्टफोन में डाउनलोड कर निर्धारित सेवा का लाभ आसानी से घर बैठे उठा सकते हैं। वर्तमान में इस ऐप्प के माध्यम से आईटीआई



के 8 किलोमीटर के दायरे में इस सुविधा को शुरू किया गया है। भविष्य में तकनीकी शिक्षा विभाग के सहयोग से इस ऐप्प को प्रदेश स्तर पर लॉन्च करने की भी तैयारी की जा रही है ताकि कौशल आपके द्वार (कैड) ऐप्प के माध्यम से उपभोक्ताओं को सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर प्लंबिंग, इलेक्ट्रिकल, ब्यूटीशियन सहित अन्य कौशलों की सेवा आसानी से उपलब्ध हो सके। इससे जहां विभिन्न कौशलों में पारंगत युवाओं को रोजगार के अवसर सृजित होंगे तो वहीं लोगों को यह सुविधा आसानी से उपलब्ध रहेगी। इस बात की पुष्टि करते हुए आईटीआई जोगिंद्रनगर की प्रधानाचार्य नवीन कुमारी का कहना है कि उपभोक्ता गुग्गल प्ले स्टोर से कौशल आपके द्वार (केएडी) ऐप्प को डाउनलोड कर लॉगइन कर सकते हैं। लॉग इन करने के बाद एडमिन द्वारा उपभोक्ता की जानकारी की पुष्टि की जाती है। जिसके बाद उपभोक्ता द्वारा मांगी गई सेवा की जानकारी संबंधित ट्रेड के इंस्ट्रक्टर को दी जाती है। उपभोक्ता द्वारा निर्धारित समय व दिन के आधार पर संबंधित ट्रेड के प्रशिक्षु विद्यार्थी इंस्ट्रक्टर की निगरानी में उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त सेवा उपलब्ध करवाते हैं। उन्होने बताया कि उपभोक्ताओं को 8 किलोमीटर के दायरे में किये जाने वाले कार्य के अतिरिक्त निर्धारित 100 रुपये का शुल्क अदा करना होता है। 8 किलोमीटर से अधिक दूरी होने पर प्रति किलोमीटर 10 रुपए अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है। उन्होने बताया कि वर्तमान में यह सुविधा प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः10 बजे से सांय साढ़े चार बजे तक उपलब्ध रहती है। प्रधानाचार्य नवीन कुमारी का कहना है कि भविष्य में कौशल आपके द्वार (केएडी) ऐप्प की जीपीएस सिस्टम के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित बनाई जाएगी। साथ ही उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन पेमेंट गेटवे या बारकोड की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### भंगानी में अवैध खनन कर रहा ट्रैक्टर जब्त, वसूला जुर्माना

**नाहन/एसपी जैरथ**


पांवटा साहिब के भंगानी में वंन विभाग की टीम ने अवैध रूप से हो रहे खनन पर चाबुक चलाया और अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर को जब्त कर जुमार्ना वसूल किया। जानकारी के मुताबिक पांवटा वन परिक्षेत्र अधिकारी मामराज के नेतृत्व में संयुक्त टीम का गठन कर अवैध खनन जैसी गतिविधियों पर नजर रखने को लेकर एक प्लान तैयार किया गया। कार्यवाही में रात को गश्त के दौरान एक ट्रैक्टर जिसका जुमार्ना के तहत 18770 रुपए किया गयाए जबकि दो अन्य ट्रक जिनका जुमार्ना माइनिंग ऐक्ट के तहत 30000 रु वसूल किया गया है। टीम में वन खण्ड अधिकारी माजरी रजनीश, वन खण्ड अधिकारी भगानी हर्ष कंवर, वन रक्षक कपिल शर्मा, रोहित, सचिन, कपिल देव वन कर्मी सुन्दर, मोही राम, किशन मौजूद रहते

### प्रदेश में जाली ईडब्ल्यूएस पेश करके नौकरी लेने वालों पर लगाई जाए लगाम

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**

हिमाचल प्रदेश बीएड बेरोजगार यूनियन की ऑनलाइन मीटिंग राजेश गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य मुद्दा आर्थिक आधार पर सामान्य वर्ग के लिए दिए जाने वाले 10 प्रशित आरक्षण पर चर्चा की गई। यूनियन ने आर्थिक आधार पर दिए जाने वाला आरक्षण का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में भी पूर्ववत आरक्षण सामान्य वर्ग के बीपीएल परिवारों के लिए सात प्रतिशत दिया जाता था। बाद में इस बीपीएल के सात प्रतिशत आरक्षण को 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस में मर्ज कर दिया गया। केंद्र सरकार ने इसकी आय सीमा आठ लाख कर दी। हिमाचल प्रदेश में पहले से ही यह व्यवस्था चल रही थी, जो सामान्य श्रेणी में बीपीएल परिवारों को दिया जाता था। लेकिन यहां भी 4 लाख की आय सीमा कर दी गई। जोकि बहुत ज्यादा है। ईडब्ल्यूएस का प्रमाण पत्र बनाने में भी मापदंड पूर्णतय पारदर्शी होना चाहिए तथा जो व्यक्ति गलत जानकारी देकर इस तरह का प्रमाण पत्र बना रहे हैं और उसके आधार पर नौकरी पाने में सफल हो जाते है। तो वह पात्र उम्मीदवारों का हक छीन रहे हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि ईडब्ल्यूएस का जाली प्रमाण पत्र कोई ना बनवा पाए चाहे, तो उसका बनवाते समय पैन कार्ड भी अटैच कर लेना चाहिए। उन्होंने निवेदन किया है कि ईडब्ल्यूएस के लिए चार लाख आय सीमा अत्यधिक है या कम से कम एक लाख तक की जाए, ताकि पात्र व्यक्तियों को इसका लाभ मिले। उन्होंने कहा कि 33000 प्रति महीना आय वाला परिवार आर्थिक आधार पर कमजोर कैसे हो सकता है। बीएड बेरोजगार यूनियन ने कहा कि सरकार ने सभी फर्जी तरीके पर पाबंदी लगाई है और यहां तक हमीरपुर में हिमाचल प्रदेश सर्विस सिलेक्शन कमीशन को भी बंद कर दिया है। जिससे लोगों ने सरकार के प्रति पारदर्शिता की सोच का स्वागत किया है। इसी तरह आर्थिक आधार पर पिछड़े सामान्य वर्ग के लोगों को भी इस तरह जाली ईडब्ल्यूएस पेश करके नौकरी लेने वालों पर लगाम लगाई जाए तथा जो गलत प्रमाण पत्र देकर नौकरी पाने में सफल हो गए हैं। उन्हें नौकरी से तुरंत बर्खास्त किए जाने चाहिए तथा रिकवरी भी होनी चाहिए।

### हिमाचल के राज्यपाल की बिगड़ी तबीयत, नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती



**शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश के नवनियुक्त गवर्नर शिव प्रताप शुक्ला की तबीयत बिगड? की खबर सामने आई है। राजयपाल को नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। आपको बता दें कि रविवार को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने दिल्ली में कई बड़े नेताओं से मुलाकात की। राज्यपाल ने दिल्ली में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व अमित शाह से भी मुलाकात की थी। वही राज्यपाल ने देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी मुलाकात की थी। इस दौरान उनके साथ लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला भी मौजूद थी।

## शिमला पुलिस का नशा तस्करों पर कड़ा प्रहार, 48 घंटो के भीतर 10 ड्रग पेडलर गिरफ्तार

**शिमला/चमन शर्मा**

शिमला की कमान संभालने के बाद एसपी संजीव गांधी पूरे एक्शन में हैं और नशा तस्करों के खिलाफ कड़ा प्रहार जारी है। जिला में नशे की तस्करी को अंजाम देने वालों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जा रहा है। आईपीएस संजीव गांधी के इन तेवरों से नशा तस्करों के होश उड़ गए हैं। दरअसल, शिमला पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ एक विशेष अभियान छेड़ा है। नशे का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा विशेष कार्रवाई की जा रही है। इसमें पुलिस चिट्टा, चरस, अफीम व शराब तस्करों की लगातार धरपकड़ कर रही है। पिछले 48 घंटे में पुलिस ने 10 ड्रग पेडलर्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से हेरोइन/चिट्टा, चरस, अफ ीम, प्रतिबंधित नशीली दवा (सिरप) और अवैध शराब बरामद की है। एसपी संजीव गांधी के निर्देश पर पूरे जिले में ड्रग पेडलर्स के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। सभी थाना क्षेत्रों में लगातार इनकी धरपकड़ की जा रही है। उसी कड़ी में पिछले 48 घंटे में जिले के विभिन्न थानों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 तस्करों को गिरफ्तार किया है। चौपाल, रोहड़ू, कुमारसेन, ढली, शिमला सदर और ठियोग थाना क्षेत्रों में ड्रग पेडलरों को पुलिस ने दबोचा है। रोहड़ू में सबसे ज्यादा



ड्रग पेडलर पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में 48 घण्टों में पकड़े गए ड्रग पेडलरों का खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक ठियोग में 50 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार हुए हैं। इसी तरह थाना सदर में 7.84 ग्राम हेरोइन के साथ चंडीगढ़ के युवक-युवती समेत तीन तस्कर, कुमारसेन में 6 ग्राम हेरोइन के साथ एक तस्कर, ढली थाने में 3.66 ग्राम हेरोइन के साथ एक तस्कर और रोहड़ू थाने में 3.10 ग्राम हेरोइन के साथ नेपाली मूल का एक तस्कर पकड़ा गया है। इसके अलावा पुलिस ने रोहड़ू थाने के तहत एक तस्कर से 573 ग्राम चरस और एक अन्य तस्कर से 2.30 ग्राम हेरोइन, थाना चौपाल में एक तस्कर के कब्जे से 2000 एमएल प्रतिबंधित दवा बरामद की गई। थाना सदर में एक तस्कर से अवैध शराब की 12 बोतलें पकड़ी गई हैं। बहरहाल पुलिस अब जांच में जुट गई है कि आरोपित कहां से नशीली सामग्री खरीद कर लाए थे और किसे आगे बेचने वाले थे।

### लिवगार्ड कंपनी ने बसाल को दी सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग व इंसीनरेटर्स

**ऊना/राजन पुरी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसाल में सोमवार को लिवगार्ड ग्रुप द्वारा स्कूल को सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन और इंसीनरेटर्स प्रदान की। इस अवसर पर जिला उपनिदेशक सेकेंडरी जनक सिंह ने विशेष रूप से मौजूद रहे। लिवगार्ड कंपनी के एजीएम अश्वनी बजाज ने कहा कि लिवगार्ड उद्योग सामाजिक उत्थान के लिए हर समय सजग रहता है। लिवगार्ड द्वारा जिले के 29 स्कूलों को सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन और इंसीनरेटर्स मुहैया करवाए गए है। उन्होंने बताया कि जिला ऊना, कांगड़ा तथा सोलन जिला में लगभग 100 से अधिक स्कूलों की 25000 बच्चियों को सेनेटरी नैपकिन वेल्डिंग मशीन व इंसीनरेटर्स की सुविधा उपलब्ध करवाई गई।

## विजय स्कूल मंडी ने मनाया अपना वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल मंडी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मंडी सदर कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी एवं जिला परिषद सदस्य चंपा ठाकुर ने शिरकत की। समारोह में पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन की ओर से मुख्यतिथि का भव्य स्वागत किया। समारोह में सबसे पहले मुख्य अतिथि चंपा ठाकुर ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया।इसके बाद कार्यक्रम की शुरूवात द्वीप



प्रज्वलित कर की गई। वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बाल स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि चंपा ठाकुर को बाल स्कूल की प्रिंसिपल जयश्री कपूर ने शॉल टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।इस दौरान मुख्य अतिथि चंपा ठाकुर ने कहा कि पहले के जमाने में पढ़ाई का स्तर बहुत बेहतर नहीं था जिस कारण लड़कियों को स्कूल नहीं भेजा जाता था लेकिन अब सरकार के प्रयासों से शिक्षा का स्तर बहुत अच्छा हो गया है और गांव गांव में स्कूल खोले गए हैं।उन्होंने कहा कि बाल स्कूल के बच्चों द्वारा बहुत ही अच्छे मॉडल बनाए गए हैं जिससे पता चलता है की अब सरकारी स्कूलों में भी प्राइवेट स्कूलों से बेहतर शिक्षा शिक्षकों द्वारा प्रदान की जा रही है और सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों को हर स्कीम व प्रोत्साहन राशि भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

## जुब्बल में निर्मित होने वाले प्रशासनिक भवन का किया गया शिलान्यास

**शिमला/चमन शर्मा**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने गत दिवस जुब्बल क्षेत्र में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुब्बल में 1 करोड़ 43 लाख रुपये से निर्मित होने वाले प्रशासनिक भवन का शिलान्यास किया और 43 लाख रुपये से निर्मित इंडोर बैडमिंटन हॉल का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुब्बल से होनहार विद्यार्थियों ने शिक्षा ग्रहण की है, जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर राम लाल, उच्चतम न्यायालय में पूर्व में रहे न्यायधीश लोकेश्वर सिंह पांटा व मुख्य न्यायधीश रहे भवानी सिंह ठाकुर प्रमुख है। उन्होंने बताया कि राज्य की साक्षरता दर 85 प्रतिशत है और



वर्तमान राज्य सरकार हर संभव प्रयास करेगी कि राज्य में शिक्षा को अव्वल पायदान पर लाया जा सके। इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य पीताम्बर पिरटा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और उन्होंने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया। इसके उपरांत शिक्षा मंत्री ने जुब्बल स्टेडियम में नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में हर वर्ग के सामान विकास को प्राथमिकता दी जाएगी और शिक्षा के क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि घरद्वार पर दुर्गम क्षेत्र के विद्यार्थियों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा को सुदृढ़ बनाने पर वर्तमान राज्य सरकार बल देगी ताकि स्थानीय युवाओं को आईटीआई जुब्बल, टिक्कर, कोटखाई व अटल बिहारी वाजपेयी तकनीकी संस्थान प्रगतिनगर में आधुनिक ट्रेड व कोर्स उपलब्ध करवाए जा सके ताकि युवा पीढ़ी वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में रोजगार के साधन व उद्यमिता में अपना भविष्य बना सके।

उन्होंने बताया कि जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र से बहुल क्षेत्र होने की वजह से बागवानी पर जोर दिया जाएगा और नवीनतम तकनीकों से लघु एवं सीमांत बागवानों को जागरूक किया जाएगा ताकि उनकी आय में वृद्धि संभव हो सके।

# बुनकरों के लिए प्रेरक और सहयोगी बनीं-टैक्सटाईल इंजीनीयर अंशुल मलहोत्रा

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**

पारम्परिक कौशल, आवश्यकता की पूर्ति तथा स्वरोजगार का सशक्त साधन है हथकरघा उघोग और इस उघोग का सूत्रधार है बुनकर। पारम्परिक कौशल के स्वामी बुनकर ऊनी धागों से गरमाहट ही नहीं बांटते वल्कि अपने जीवन यापन का ताना-बाना भी मजबूती से बुनते हैं। सर्दी से बचने के लिए पहने जाने वाले ऊनी वस्त्रों ने अब फैशन, चाव तथा पहाड़ी संस्कृति से जुड़ाव आदि अनेक पहलुओं पर अपना अधिपत्य स्थापित करके उत्पादन के ग्राफ को बढ़ाया है। जब ऊनी उत्पादों की मांग ने राज्य की हद को पार किया तो पारंपारिक परिधानों तथा डिजाइनों के साथ ही आधुनिक परिधानों तथा डिजाइनों का समावेश भी होने लगा जिससे हिमाचली ऊनी वस्त्रों की लोकप्रियता विदेशो तक पहुॅच गई। जैसे गत वर्ष लॉच हुई ऊनी साड़ी ने खासी लोकप्रियता बटोरी तथा कई फैशन शो का हिस्सा भी बनी।

हिमाचल की शाल, स्टॉल, टोपी, मफलर, कोट, जैकेट आदि अनेक वस्तुओं ने देश विदेशो में अपनी पहचान बनाई है। हिमाचल के ग्रामीण परिवेश में भेड़ पालन, ऊन कताई, ऊन संग्रहण, हथकरघा के कार्य में परिवार के छोटे-बड़े सभी सदस्यों को व्यस्त देखा जा सकता है। ग्रामीण इलाकों में एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित हुई यह विरासत हर पीढ़ी के लिए कमाई का जरिया रही है। बुनकरों के कौशल को निखारने और उन्हें घर.द्वार पर विपणन की सुविधा देकर उनकी कमाई को

**8 उनी धागों से गरमाहट ही नहीं बांटते जीवन यापन का ताना-बाना भी बुनते हैं बुनकर 8 उसर्दी से बचने के लिए पहने जाने वाले ऊनी वस्त्रों ने अब फैशन, चाव तथा पहाड़ी संस्कृति से जुड़ाव आदि अनेक पहलुओं पर अपना अधिपत्य स्थापित करके उत्पादन के ग्राफ को बढ़ाया है।**

सुदृढ़ करने का कदम उठाया है जिला मण्डी की टैक्सटाईल इंजीनियर अंशुल मलहोत्रा ने। देश के राष्ट्रपति द्वारा वर्ष 2022 के लिए अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति अवार्ड से सम्मनित जिला मण्डी की टैक्सटाइल इंजिनियर अंषुल मलहोत्रा ने महिला बुनकरों के उत्थान, ऊनी उत्पादों के पारम्परिक डिजाइनों को बढ़ावा देने के साथ ही समय की मांग के मुताबिक नए डिजाइन बनाने में अपने कौशल का इस्तेमाल करके स्वयं तथा अन्य बुनकरों के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित करके प्रसंशनीय, प्रेरक तथा उत्साहवर्धक कार्य किया है। अंशुल मलहोत्रा अपने परिवार की तीसरी पीढ़ी हैं जो हथकरघा उघोग से जुड़ी हैं। अपने दादा और पिता से विरासत के रूप में प्राप्त किए इस हुनर से उन्होने हथकरघा उघोग को बाजार वर्ष 2012 में राष्ट्रपति द्वारा शिल्प गुरू अवार्ड से सम्मानित अपने पिता ओम प्रकाश मलहोत्रा के सहयोग से न केवल स्वयं आत्मनिर्भर हुई बल्कि अनेक महिलाओं की आत्मनिर्भता की नींव सबित हुई । अंशुल मलहोत्रा ने कृष्णा बूल के वेनर तले लाहुल-स्पीति, कुल्लू, किन्नौर, मण्डी के बुनकरों के साथ जुड़ कर अपने सपनों को उड़ान दी। अंशुल का कहना है कि वह विभिन्न जिलों के बुनकरों को उनके घर-द्वार पर ही ताना-बाना लगा कर देने के अतिरिक्त बुनकरों को डिजाईन उपलब्ध करवाती है। ग्रामीण बुनकरों द्वारा निर्मित इन उत्पादों को उनके घरों से ही एकत्रित बाजार में लाया जाता है। कृष्णा वूल बाजार से सीधे सम्पर्क में होने के कारण बाजार की बारीकियों तथा मांग से वाकिफ है जिसके चलते बुनकरों को बाजार की मांग के अनुसार बुनाई के लिए प्रशिक्षित करके प्रचलित डिजाईन उपलब्ध करवाये जाते हैं। बुनकर घर बैठे जागरूक होने के साथ ही समय की मांग के अनुसार ऊनी उत्पादों का उत्पादन करके लाभान्वित हो रहे हैं। कृष्णा वूल के संपर्क में काम करने वाले बुनकारों में अधिकांष महिला बुनकर हैं जो परिवार में बच्चोंए बुजुर्गों की देखभाल के साथ ही खेती-बाड़ी, पशुपालन आदि कार्यों को पूरा करने के अतिरिक्त घर पर बुनाई कार्य भी कर रही हैं। इस कार्य में परिवार के इस कौशल में कुषल अन्य सदस्य भी सहयोग करते हैं। कृष्णा वूल को अपने बेहतर उत्पादों के लिए सूरज कुंड मेले में दो मरतवा कला मनी तथा एक वार कला निधी आवार्ड से सम्मानित किया गया है । इसके अतिरिक्त कृष्णा वूल ने हैंड स्पीनिंग तथा डिजाईनिंग में मेक इन इंडिया के तहत जिरो डिफेक्ट जिरो इफेक्ट में हिमाचल के लिए प्रथम पुरस्कार हासिल किया है जिससे न केवल हिमाचल के ऊनी उत्पादों को बाजार में लोकप्रियता मिली अपितु युवा बुनकरों को प्रोत्साहन भी मिला। हथकरघा उद्योग के माध्यम से स्वरोजगार सृजन, पारम्परिक कौषल का संरक्षण, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती, भेड़ पालन को बढ़ावा, सहकारिता, सवावलम्बन, जैसे कई सामाजिक पहलूओं को मजबूती मिल रही है। वहीं विपणन, विज्ञापन, बाजार, व्यापार तथा बेहतर व्यवस्था सब हासिल होने के कारण आज पहाड़ी संस्कृति का हिस्सा यह कौशल बेरोजगारी की चुनौती से निपटने में सक्षम है।

# मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से वन मामलों संबंधी स्वीकृतियां शीघ्र प्रदान करने का आग्रह किया

**शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस नई दिल्ली में केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ हिमाचल प्रदेश की विभिन्न वन परियोजनाओं एवं लंबित स्वीकृतियों के विषय में विस्तृत चर्चा की। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि प्रदेश में हेलीपोर्ट निर्माण, राज्य को वर्ष 2025 तक हरित ऊर्जा राज्य बनाने की दिशा में आवश्यक ग्रीन कॉरिडोर के निर्माण तथा विद्यालयों के भवन निर्माण सहित सरकार की प्रमुख योजनाओं के लिए आवश्यक वन स्वीकृतियों में तेजी लाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत राज्य में हेलीपोर्ट निर्मित किए जाने आवश्यक हैं। इससे जहां राज्य में पर्यटकों को आवागमन में सुविधा होगी, वहीं स्थानीय निवासियों को आपातकालीन




स्थिति में शीघ्र सहायता उपलब्ध करवाई जा सकेगी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि हेलीपोर्ट निर्माण के लिए लंबित आवश्यक वन स्वीकृतियों के विषय में अविलंब निर्णय लिया जाए। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वन मंत्री को अवगत करवाया कि प्रदेश सरकार हिमाचल में पूर्ण रूप से ई-वाहन अपनाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ई-वाहनों के लिए पर्याप्त संख्या में चार्जिंग स्टेशन के निर्माण के लिए प्रदेश के सभी राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के दोनों ओर ग्रीन कॉरिडोर निर्मित किए जाने हैं। उन्होंने आग्रह किया कि इन कार्यों में गति लाने के लिए वन भूमि के संबंध में विभिन्न स्वीकृतियां समय पर प्रदान की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कुछ जगह पर वन स्वीकृतियों में विलम्ब के कारण स्कूल भवन निर्माण इत्यादि के कार्य में अनावश्यक देरी हो रही है। उन्होंने आग्रह किया कि इन मामलों में स्वीकृतियां शीघ्र प्रदान की जाएं।
ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश के वन अधिकारी वन अधिकार अधिनियम, वन संरक्षण अधिनियम सहित अन्य विषयों पर केंद्रीय स्तर पर और बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें ताकि स्वीकृतियां समय पर प्राप्त हो सकें। उन्होंने प्रदेश के जल अभ्यारण्यों एवं इको टूरिज्म दिशा निदेर्शों के संबंध में भी विस्तृत विचार-विमर्श किया।
बैठक में परिवेश पोर्टल, नेशनल ट्रांसिट पास सिस्टम, स्कूल नर्सरी योजना, नगर वन योजना, राज्य में गर्मियों के मौसम में दावानल सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।
मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को हिमाचल आने का निमंत्रण भी दिया।
केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। बैठक में केंद्रीय वन सचिव लीना नंदन, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, प्रधान आवासीय आयुक्त सुशील कुमार सिंगला, आवासीय आयुक्त मीरा मोहंती, प्रधान मुख्य अरण्यपाल वी.के.तिवारी, मुख्य अरण्यपाल वन्य जीव राजीव कुमार, वन संरक्षण अधिनियम के लिए नोडल अधिकारी हर्षवर्धन कथूरिया एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## कुठेड़ा में जलशक्ति विभाग के सब डिवीजन को डेनोटिफाई करने के खिलाफ प्रदर्शन



**बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
कुठेरा में जलशक्ति विभाग के सब डिवीजन को डेनोटिफ ाई करने के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर सदर मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर के नेतृत्व में आम जनता और भाजपा कार्यकताओं के साथ धरना प्रदर्शन किया गया। सरकार को चेतावनी भी दी गई कि यदि ऐसी जन विरोधी नीतियों को बंद न किया गया तो भारतीय जनता पार्टी सडको पर उतर कर सरकार का विरोध करेगी। हर आम जन मानस तक इस संदेश को पहुंचाएगी। सरकार के इस निर्णय के खिलाफ भाजपा सदर मंडल द्वारा हस्ताक्षर अभियान भी शुरू किया गया। इस प्रदर्शन में भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, प्रधान कुठेड़ा ज्योति धीमान, उप प्रधान होशियार सिंह, जिला परिषद बिमला देवी, अंजना शर्मा, उर्मिला कौशल, विकास भारद्वाज, मीना वशिष्ठ, प्रताप चौहान सहित सभी बूथ अध्यक्ष व अन्य कार्यकताओं ने भाग लिया।

## शहर के सपरून बाईपास में 31 मार्च तक पैडस्टल मार्ग बनकर होगा तैयार

### निगम के मेयर डिप्टी मेयर ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर के साथ किया निरीक्षण



**सोलन/मनीष**
शहर के बाईपास में नगर निगम सोलन द्वारा लोगों के पैदल चलने के लिए पेडेस्टल मार्ग का निर्माण किया जा रहा है लेकिन इसका निर्माण कार्य फोरलेन निमार्ता कंपनी द्वारा धीमी गति से किया जा रहा था ऐसे में सोलन शहर के लोगों का इसके प्रति रोष के देखने को मिल रहा था इसके लिए नगर निगम सोलन की मेयर पूनम ग्रोवर डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा समेत सोमवार को एक निरीक्षण मौके पर जाकर एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर राम आसरा खुरल के साथ किया गया जिन्होंने आश्वासन दिया है कि 31 मार्च से पहले इस पेडेस्टल मार्ग का निर्माण पूरा करके जनता को सौंप दिया जाएगा और इसमें जो भी कमियां निगम द्वारा बताई गई है उसे जल्द पूरा करके इसे सुधारा जाएगा। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर रामआसरा खुरल ने कहा कि शहर के बाईपास में निगम द्वारा लोगों के चलने के लिए पैडस्टल मार्ग का निर्माण किया जा रहा है ऐसे में इन्होंने डिमांड दी है कि इस सर्विस लेन को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि लोगों को चलने के लिए सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक कंपनी द्वारा इस काम को पूरा कर लिया जाएगा और जो भी कमियां निगम द्वारा उन्हें बताई गई उस पर गौर करते हैं हुए उसे पूरा किया जाएगा। वहीं नगर निगम सोलन की मेयर पूनम ग्रोवर ने बताया कि आज प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचआई के साथ उन्होंने शहर के सपरून बाईपास में बन रहे पैडस्टल मार्ग का निरीक्षण किया है और उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द इसे पूरा कर दिया जाएगा वहीं इसके साथ क्रैश बैरियर लगाने और इसकी हाइट बढ़ाने की भी आज एनएचआई से मांग की गई जिसको लेकर इन्होंने भी हामी भरी है कि से भी जल्द पूरा किया जाएगा। बता दें कि शहर के सपरून बाईपास में जब फोरलेन निर्माण किया गया तो निगम द्वारा तैयार किया गया पैदल चलने का मार्ग वहां पर टूट गया था ऐसे में इसको लेकर निगम ने एनएचआई से मांग की थी कि यहां पर पैडस्टल मार्ग का निर्माण किया जाए जिसको लेकर अब कवायद तेज हो चुकी है और 31 मार्च तक इस कार्य को पूरा करने के निर्देश दे दिए हैं।

## स्विफ्ट कार में सवार दो युवक चरस सहित गिरफ्तार

**नाहन/एसपी जैरथ**
सिरमौर की एसआईयू टीम ने एक स्विफ्ट कार में सवार दो युवकों को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार शाम पच्छाद थाना के अंतर्गत मताहन लिंक रोड पर एक स्विफ्ट कार (एचपी-16एए-0668)को तलाशी के लिए रोका गया। कार में दो युवक सवार थे। पुलिस द्वारा जब कार की तलाशी ली गई तो कार से 421 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपियों की पहचान प्रत्युष शर्मा 22 निवासी गांव बासु पच्छाद जिला सिरमौर व आशुतोष 22 निवासी गांव धरीयार पच्छाद जिला सिरमौर के रूप में हुई।

## कांग्रेस महाधिवेशन में ईवी पॉलिसी के लिए चर्चित रहे सुक्खू

**शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में सफलतापूर्वक कार्यान्वित की जा रही इलेक्ट्रिक वाहन नीति की अन्य राज्यों में भी सराहना की जा रही है। छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85वें महाधिवेशन में प्रदेश की कांग्रेस सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी नीतियों और कार्यक्रमों की खूब चर्चा रही।
महाधिवेशन में भाग लेने के उपरांत शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक केवल सिंह पठानिया ने बताया कि महाधिवेशन के दौरान कांग्रेस नेतृत्व ने हिमाचल प्रदेश में शुरू की गई मुख्यमंत्री



सुख-आश्रय योजना, ओपीएस बहाली और इलेक्ट्रिक वाहन नीति के सफल कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की।
केवल सिंह पठानिया ने बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और अन्य कांग्रेस नेताओं ने छत्तीसगढ़ स्थित नवा रायपुर में आयोजित किए गये भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महाधिवेशन में भाग लेने के लिए अधिवेशन स्थल तक इलेक्ट्रिक वाहन का ही उपयोग किया।
अधिवेशन के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में ईवी वाहनों के उपयोग को बढ़ाने के लिये प्रदेश सरकार के दृष्टिकोण और भविष्य की रूपरेखा के बारे में भी विस्तृत चर्चा की।
उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा की गई महत्वाकांक्षी पहल के परिणामस्वरूप ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू इलेक्ट्रिक वाहन को प्रोत्साहन प्रदान करने के दृष्टिगत इस अनूठी पहल के प्रणेता बनकर उभरे हैं।

## करियर काउंसलिंग पर सेमीनार आयोजित

**नगरोटा बंगबा/विनोद सरोतरी**
राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में कॉमर्स सोसाइटी के सौजन्य से करियर काउंसलिंग और अभिप्रेरणा विषय पर एक सेमीनार आयोजित किया गया स जिसमें बी.कॉम के बच्चों ने भाग लिया स जीएनए विश्वविद्यालय फ गवाड़ा पंजाव के डीन डॉ.समीर वर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की स डा.समीर वर्मा ने बच्चों को शेयर बजार से रोजगार के अवसर बताये और शेयर बाजार में निवेश संबंधित वारीकियां और जोखिमों का व्याख्यान किया स डा.वर्मा ने नामी कम्पनियों में रोजगार पाने के लिए जरूरी कौशल और ज्ञान पर



विशेष चर्चा की गयी स बच्चों के मनोबल बढ़ाने के लिए उन्होंने कहा कि मन के जीते जीत मन के हारे हार स सफ लता एक प्रयास से ही नहीं मिलती हमें कई बार प्रयास करना पड़ता है। उन्होंने नामी उद्योगपतियों का उदाहरण देते हुए कहा कि इन उद्योगपतियों ने छोटे-छोटे स्तर पर काम शुरू किया है आज यह महाराज़ कम्पनियों के मालिक है। इस अवसर पर प्राचार्य डा. अशोक चौधरी, डा.मदन गुलेरिया, डा.मंजीत सिंह, डा.राजीव टकुमार, डीन डा.समीर वर्मा, प्रो.संसार इत्यादि मौजूद रहे।

## नगर निगम सोलन शहर में चौथे दिन कर रहा पानी की सप्लाई



**सोलन/मनीष**
नगर निगम सोलन शहर में चौथे दिन पानी की सप्लाई कर रहा है जिससे लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि अक्सर गर्मियों के दिनों में इस तरह के हालात सोलन शहर में देखने को मिलती थी लेकिन सोलन शहर में इन दिनों में पानी की कमी देखने को मिल रही है। सोमवार की अगर बात की जाए तो नगर निगम सोलन के पास 15 लाख गैलन पानी पहुंचा है जिसमें 5 लाख गैलन पानी निगम के पास कम आया है ऐसे में इसके वितरण को लेकर निगम को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम सोलन शहर में चौथे दिन पानी की सप्लाई कर रहा है जिससे लोगों को भी परेशान होना पड़ रहा है नगर निगम की ज्वाइंट कमिश्नर प्रियंका चंद्रा ने बताया की रोजाना शहर में पानी की सप्लाई निगम करने के लिए प्रयासरत है लेकिन निगम के पास पानी की सप्लाई पूरी नहीं पहुंच रही है। सोमवार को भी निगम के पास 15 लाख गेलेंन पानी पहुंचा है, उन्होंने कहा कि शहर में चौथे दिन पानी की सप्लाई हो रही है। उन्होंने बताया कि शहर में पानी की पाइपों से जहां पानी की लीकेज देखने को मिलती है उसको लेकर कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए है उसे तुरंत ठीक करवाया जाए। उन्होंने कहा कि शहर में लोगों को पानी पर्याप्त मात्रा में मिले और सही समय पर मिले इसके लिए निगम कार्य कर रही है और आने वाले दिनों में जल शक्ति विभाग के साथ तालमेल बिठाते हुए पानी की सप्लाई शहर में दूसरे व तीसरे दिन करने की कोशिश की जाएगी। बता दें कि सोलन शहर को अश्वनी और गिरी पेयजल योजना से पानी की सप्लाई की जाती है लेकिन इन दिनों भी पानी की सप्लाई शहर में नहीं हो पा रही है।

## तमलेट में 6.25 ग्राम चिटटे संग दो काबू

**ऊना/राजन पुरी**
थाना बंगाणा के तहत तमलेट में पुलिस ने दो युवकों को 6.25 ग्राम चिट्टे समेत काबू किया है। आरोपी की पहचान अनीश कुमार निवासी चम्याड़ी व मंजीत सिंह निवासी बंणी जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ नशीला पदार्थ रखने पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बंगाणा पुलिस की टीम रविवार देर शाम को श्री जाहर वीर गोगा मंदिर तमलेट के समीप गश्त कर रही थी।

## नेहरू युवा केंद्र ने चांसू में नशा निवारण कार्यशाला का किया आयोजन

**किन्नौर/अनिल**
नेहरू युवा केंद्र किन्नौर, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में ग्राम पंचायत चांसू में नशा निवारण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को पंचायत भवन चांसू में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी सांगला अनिल कुमार ने विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थ तथा उनसे होने वाले नुकसान पर विस्तार से प्रतिभागियों को जानकारी दी। उन्होंने सब अभिभावकों से अनुरोध किया कि वह अपने बच्चों पर विशेष ध्यान दें और उन्हें नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाएं। उन्होंने कहा कि नशा निवारण में पुलिस से कहीं ज्यादा अहम भूमिका समाज की है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला युवा अधिकारी अतुल शर्मा ने कहा



कि नशा आज के समय में युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है जिससे पूरे समाज को साथ मिलकर लड? की आवश्यकता है। इस लड़ाई में न केवल युवा बल्कि बुजुर्ग, बड़े-छोटे सबको साथ मिलकर कार्य करना होगा। यदि हम सब मिलकर इसे हटाने का निर्णय कर लेंगे तो वह दिन दूर नहीं जब किन्नौर पूर्णतया नशा मुक्त हो जाएगा। इस दौरान महिला मंडल द्वारा एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान बीरबल सिंह, उच्च विद्यालय से कुंदन भट, महिला मंडल प्रधान प्रेम कान्ता, युवा मंडल प्रधान रविकांत, उप प्रधान धर्म, ठाकुर सेन, अंकित इत्यादि उपस्थित रहे।

## हाब्बी मान सिंह कला केंद्र में हुआ लोक नाट्य का मंचन

**नाहन/एसपी जैरथ**
आसरा संस्था के प्रभारी जोगेंद्र हाब्बी ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि आसरा संस्था जालग, पझौता द्वारा जालग स्थित हाब्बी मान सिंह कला केंद्र में एक मंचीय प्रदर्शन का आयोजन किया गया। प्रदर्शन में आसरा संस्था द्वारा गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत तैयार की गई विभिन्न विधाओं का मंचन किया गया। इस मंचीय प्रदर्शन की मुख्य प्रस्तुति लोकनाट्य स्वांग पांजो भाई रा झाजड़ा की रही। कार्यक्रम का शुभारंभ लोक वादक कलाकारों द्वारा नौगत वादन से किया गया। इसके पश्चात कलाकारों ने लोक नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनोरंजन किया गया।



इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पांजो भाई रा झाजड़ा लोकनाट्य रहा। इस लोकनाट्य में पिता के पांच बेटे हैं और वह पांचों कुंवारे होते हैं। पांच पुत्र अलग-अलग काम करते हैं। इनमें नाई, दर्जी मोची, सुनार का काम करते हैं और इनमें से एक भाई सैनिक होता है। पांचो भाई एक युवती के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखते हैं और वह युवती बारी बारी से उन सभी की बात सुनती है और बाकी सभी को नकार के सैनिक के साथ विवाह करने के लिए राजी हो जाती है। पांजो भाई रा झाजड़ा के स्वांग में नांई की भूमिका में संदीप और दर्जी की भूमिका में चमन, मोची की अदा में गोपाल, सुनार की भूमिका में अमी चन्द और सैनिक की भूमिका में जितेंद्र के अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। लोक नाट्य में सरोज ने सभी पात्रों के साथ हास्य व्यंग्य संवाद करके इस लोकनाट्य को और अधिक आकर्षक बनाया। आसरा संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में रामलाल गोपाल अमीचंद जितेंद्र चमन संदीप कृष्ण मुकेश हंसराज सुनील अमन ओमप्रकाश अनिल सरोज अनु लक्ष्मी सुनपति हेमलता सीमा आदि कलाकारों ने भाग लिया। इस मौके पर संस्था के गुरु पद्मश्री विद्यानंद सरैक ने कहा कि आसरा संस्था द्वारा प्रतिवर्ष लोक विधाओं का प्रशिक्षण कलाकारों को प्रदान किया जाता है। जिसके अंतर्गत लोक नृत्य एवं लोकनाट्य का प्रशिक्षण कलाकारों को प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि आसरा संस्था के कलाकार बधाई के पात्र हैं जो प्रशिक्षण में तैयार की जा रही विधाओं को सीखने का पूरा प्रयास करते हैं आसरा संस्था का यह प्रयास है कि विलुप्त होते जा रहे लोक नृत्य एवं लोकनाट्यों को युवा कलाकारों को सिखाकर आम जनमानस के समक्ष उसका प्रदर्शन करके आज की युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से रूबरू करवाया जा सके।

## मोटे अनाज की फसलों पर हुई परिचर्चा

**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**
बारीक दानों को मोटा अनाज का नाम देकर उपेक्षित फसलों को एक बार फिर से पहचान मिलने लगी है। अंतर्राष्ट्रीय पौष्टिक अनाज वर्ष के बहाने न केवल इन अनाजों को महत्व मिल रहा है बल्कि इन्हें सेहत के लिए भी श्रेष्ठ माना जा रहा है। भारत सरकार भी अब हमारे परंपरागत अनाजों को उगाने के लिए किसानों को प्रेरित कर रही है। हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा आयोजित एक परिचर्चा के दौरान प्राकृतिक खेती में योगदान के लिए इस वर्ष पद्मश्री से नवाजे गए हिमाचल के मंडी जिला के प्रगतिशील किसान नेकराम शर्मा ने अपनी बातचीत में बताया कि



वह तीन दशकों से इस दिशा में काम कर रहे हैं। गांवों में किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होने कहा कि 90 के दशक में जब वह साक्षरता अभियान से जुड़े तो उन्हें विभिन्न स्थानों पर जाने और सीखने का मौका मिला। इसी प्रेरणा से उनका रुझान पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक खेती की तरफ हुआ। पद्मश्री ने बताया कि उन्हें एक तरफ खुशी है कि हमारे परंपरागत अनाजों को महत्व मिल रहा है वहीं उन्हें चिंता भी है कि कहीं उत्पादन बढ़ाने की होड़ में इन अनाजों का हश्र भी अन्य फसलों या फलों की तरह न हो जाए जो आज भयंकर रासायनिक खादों और स्प्रे के शिकार हो कर जहर बन चुके हैं। शर्मा ने कहा कि उत्पादन के साथ साथ अभी इन अनाजों को साफ करने के लिए तकनीकी औजारों को उन्नत करने की जरूरत है। इसमें इन अनाजों का छिलका निकालने की मशीन, बुआई के लिए मशीन आदि शामिल है।

